अनुस्मारक / समयबद्ध / महत्वपूर्ण

पत्र सं0–स्था–3(क)–सेवक से दफ्तरी पदोन्नति / 2025–26 / 2141 / राज्य कर

कार्यालय आयुक्त राज्य कर, उ0प्र0
(स्थापना अराजपत्रित)
लखनऊ : दिनांक– 25 जुलाई, 2025

**समस्त उपायुक्त (प्रशासन), / सहायक आयुक्त (प्रशासन),**
**राज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

कृपया मुख्यालय के पत्र संख्या–1794 दिनांक 09.07.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे। जिसके द्वारा दफ्तरी पद पर पदोन्नति हेतु 217 कार्मिकों की पात्रता सूची संलग्न करते हुये निर्धारित प्रारूप पर सत्यापित चरित्र पंजिका सारांश (ब्राडशीट) के दो सेट प्रत्येक दशा मे दिनांक 17.07.2025 तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे, ताकि उसे विभागीय चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत करते हुए पदोन्नति की कार्यवाही संपन्न करायी जा सके।

अवगत कराना है कि केवल अयोध्या, उरई, संत कबीर नगर, महराजगंज, झांसी एवं उ0प्र0 राज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान से ही उक्त वांछित सूचना प्राप्त हुई है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ कार्मिकों की पात्रता सूची के अनुसार सूचना निर्धारित प्रारूप पर सत्यापित चरित्र पंजिका सारांश (ब्राडशीट) के दो सेट प्रत्येक दशा मे दिनांक 28.07.2025 तक हार्ड कॉपी के साथ–साथ, ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

यहाँ यह भी अवगत कराना है कि कार्मिक अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–2 / 2025 / 529 / सैंतीस–का– 1–2025–13(01) / 2022 दिनांक 02.07.2025 द्वारा पदोन्नति से भरे जाने वाली, चयन वर्ष की सम्पूर्ण रिक्तियों के सापेक्ष चयन की कार्यवाही अभियान चलाकर पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

(रवि शेखर सिंह)
संयुक्त आयुक्त (स्था0अराज0), राज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।

**पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक– उक्त।**
**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त अपर आयुक्त ग्रेड–1, राज्य कर, उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने अधीनस्थ कार्यालयों को भी अपने स्तर से सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. संयुक्त आयुक्त (आई0टी0), राज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की पत्र को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

25/07/2025

(रवि शेखर सिंह)
संयुक्त आयुक्त (स्था0अराज0), राज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।